# 14- <u>सिपाही ने पेश की ईमानदारी की मिसाल</u>



## राजधानी में भी तैनात हैं ईमानदार पुलिस कर्मी

का.सं, VOL

लखनऊ। भले ही उत्तर प्रदेश पुलिस में तैनात वर्दीधारी अपनी काली करतूतों से पूरे महकमें को शर्मसार कर रहे हों। लेकिन कुछ ईमानदार पुलिसवाले पुलिस विभाग की नाक बचाये रहते हैं।

ताजा मामला महानगर थाना क्षेत्र का है यहां तैनात सिपाही राकेश कुमार को पर्स मिला तो उन्होंने पर्स में मिले कागजों के आधार पर पते को खोज निकाला और महिला अधिवक्ता को कोतवाली बुलाकर पर्स सौंप दिया। इस सिपाही ने ईमानदारी पेश करते हुए विभाग की गरिमा बढ़ाई है। बता दें कि राजधानी में ऐसे कई पुलिसवाले हैं जिन्होंने ईमानदारी की मिशाल पेश की है। बता दें कि बीमी 15 दिसंबर 2016 को हजरतगंज कोतवाली के दारुलशनऊा चौकी इंचार्ज संजय कुमार गुप्ता ने ईमानदारी की मिशाल पेश करते हुए सी-227 निराला नगर निवासी राजीव जगवानी की पत्नी का पर्स मिलने पर वापस लौटा कर मिशाल पेश की थी।



## सिपाही ने पेश की ईमानदारी की मिसाल

एनबीटी, महानगर : महानगर थाने में तैनात सिपाही राकेश कुमार ने महिला अधिवक्ता का खोया हुआ पर्स लौटाकर ईमानदारी की मिसाल पेश की। राकेश ने बताया कि दो दिन पूर्व सड़क पर मिले पर्स में एक सेल फोन व दस्तावेज के जरिए कानपुर के फजलगंज निवासी व अधिवक्ता आशा सिंह से संपर्क कर सोमवार को पर्स उन्हें सौंप दिया गया।

जनपद लखनऊ के थाना महानगर में तैनात आरक्षी श्री राकेश कुमार को एक पर्स मिला तो उन्होने पर्स में मिले कागजों के आधार पर पते को खोज निकाला और महिला अधिवक्ता को थाना कोतवाली बुलाकर पर्स को सौंप दिया।